# गृह आधारित स्वास्थ्य देखभाल में प्रमाणपत्र कार्यक्रम

**कार्यक्रम कोड : सी एच बी एच सी /CHBHC)**

**पाठ्यक्रम कोड : सीएनएस एचसी–001/CNS HC-001**

**सत्रीय कार्य पुस्तिका 2025**

स्वास्थ्य विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

**सत्रीय कार्यों को पूरा करने से पहले, कृपया निम्नलिखित बिंदुओं को घ्यान में रखें:–**

- अपने उत्तर लिखने के लिए फुलसाइज पेपर का प्रयोग करें। सत्रीय कार्य को सिर्फ अपनी लिखाई में ही पूरा करें।
- सभी पृष्ठों को क्रमबद्ध कर, टैग से सावधानीपूर्वक बाँध दें।
- प्रत्येक उत्तर के साथ प्रश्न संख्या लिखें

**सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

- प्रत्येक सत्रीय कार्य के लिए कुल 100 अकों में से अंक दिये जायेंगें। प्रत्येक प्रश्न की अधिभारिता उसके सामने कोष्ठक में दर्शाई गई है।

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम कोड :........................................ | नामांकन संख्या :............................................... |
| कार्यक्रम शीर्षक :........................................ | नाम :..................................................................... |
| सत्रीर्य कार्य कोड:........................................ | पता:..................................................................... |
| पी एस सी (PSC)......................................... | ......................................................................... |
| जमा करने की तारीख:............................... | ......................................................................... |

**कृपया पूरे किए हुए सत्रीय कार्यों को संबंधित कार्यक्रम अध्ययन केंद्र के कार्यक्रम प्रभारी के पास जमा कराएं।**

**गृह अधारित स्वास्थ्य देखभाल में प्रमाणपत्र**
**सत्रीय कार्य – टी एम ए (Tutor Marked Assignment )**
**(खंड – 1, 2, 3, एवं 4)**

**कार्यक्रम कोडः सीएचबीएचसी**
**पाठ्यक्रम कोडः सीएनएस–एचसी–001/टीएमए/2025**
**कुल अंकः 100**
**उत्तीर्ण होने के अंकः 50**
**जमा करने की अंतिम तारीखः 30 अप्रैल 2025**

**नोटः– इस सत्रीय कार्य के तीन भाग – क, ख, और ग हैं।**
भाग (क) के चार दीर्ध उत्तर प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 15 अंक हैं।
भाग (ख) के तीन लघु उत्तर प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक हैं।
भाग (ग) के चार वस्तुनिष्ठ (objective) प्रश्न हैं। कुल मिला कर 10 अंक हैं।

**सभी प्रश्नों के उत्तर जहाँ आवश्यक हो सोदाहरण दीजिए।**
**जहाँ आवश्यक हो प्रायोगिक मैनुअल की सहायता अवश्य लें।**

## भाग – क

**दीर्ध उत्तर प्रश्नः–**

**1)** क) गृह देखभाल कार्यकर्त्ता की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियो की चर्चा कीजिए। अपना उत्तर उचित उदाहरण दे कर स्पष्ट कीजिए

ख) गृह देखभाल प्रदान करने की सामान्य दशाएं कौन–सी हैं? सूची बनाइए।

ग) प्रभावी संप्रेषण के लिए ऐसे कौन से कौशल हैं जिन्हें गृह देखभाल कार्यकर्त्ता को अपनाना चाहिए? स्पष्ट कीजिए। **(8+2+5=15)**

**2)** अपने अनुभव के दौरान आपने पाचन तंत्र से संबंधित समस्याओं से ग्रस्त रोगी की पहचान की होगी।

क) अपने रोगियों मे पाचन तंत्र को प्रभावित करने वाली विविध दशाओं का वर्णन कीजिए।

ख) अपने रोगी की समस्या के कारणों, संकेतों एवं फिलहाल नज़र आने वाले लक्षणें की तुलना, अपने खंड में प्रदत्त जानकारी से कीजिए।

ग) आपने रोगी को क्या देखभाल प्रदान की? स्पष्ट कीजिए। **(2½+5+7½=15)**

**3)** क) ऐसी दशाओं की पहचान कीजिए जिसके लिए आपके रोगी को चर्म (skin) देखभाल की आवश्यकता है। प्रभावित रोगियों का संक्षिप्त ब्यौरा दीजिए। आपने रोगी को जो देखभाल प्रदान की, उसकी तुलना खंड में उल्लिखित चर्म देखभाल से कीजिए।

ख) दाब (pressure) बिंदुओं एवं दाब से बने घाव (pressure sores) को परिभाषित कीजिए। इसके कारणों, संकेतों एवं लक्षणों की सूची बनाइए। गृह देखभाल प्रबंधक के रुप में ऐसे उपायों को स्पष्ट कीजिए जिनसे आप रोगी को दाब से बने घावों (pressure sores) से बचा सकेगें। **(7½+7½=15)**

4) क) स्वास्थ्य एवं बीमारी के संबंध में व्यायाम के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

ख) व्यायाम के प्रकारों की सूची बनाइए। व्यायाम के दौरान रोगी की सहायता हेतु ध्यान में रखने योग्य बिंदुओं की चर्चा कीजिए। ऐसे व्यायामों का रेखाचित्र बनाइए एवं इनका नाम भी लिखिए, जिसके लिए आपने अपने रोगी की सहायता की थी।

ग) किसी बीमार व्यक्ति की देखभाल में उसके परिवार के सदस्यों को सम्मिलित करने में गृह देखभाल प्रबंधक के रुप में अपनी भूमिका की चर्चा कीजिए। ऐसे क्रियाकलापों (activities) को स्पष्ट कीजिए जिनके संबंध मे आप रोगी की देखभाल के दौरान उसके परिवार सदस्यों को इस कार्य में शामिल करने के योग्य थे।

**(4+4+2+5=15)**

## भाग – ख

**लघु उत्तर प्रश्नः–**

5) तेज बुखार से पीड़ित रोगी की देखभाल के दौरान आपने बुखार के लक्षणों पर अवश्य गौर किया होगा

क) अपने रोगी में मौजूद लक्षणों की, खंड में प्रदत्त लक्षणों से तुलना कर सूची बनाइए।

ख) बुखार को कम करने के लिए आपने किन उपायों को अपनाया स्पष्ट कीजिए। इन उपायो की तुलना, खंड में उल्लिखित उपायों से कीजिए। **(5+5=10)**

6) क) भोजन में विद्यमान बुनियादी पोषाणिक तत्वों, इनके स्रोतों एवं प्रकार्यों को स्पष्ट कीजिए।

ख) विविध पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों के नाम लिखिए।

ग) पोषक तत्वों की कमी से होने वाले ऐसे रोगों की पहचान कीजिए। यदि कोई ऐसा रोग आपके रोगी में मौजूद हो तो इसकी तुलना खंड में प्रदत्त जानकारी में कीजिए।

**(5+3+2=10)**

7) क) परामर्श को परिभाषित कीजिए और इसके महत्व की चर्चा कीजिए।

ख) अंतिम श्वास लेते व्यक्ति के परिवार सदस्यों को आप कैसे परामर्श प्रदान करेंगे? अपने उत्तर की पुष्टि सोदाहरण कीजिए। **(3+3+4=10)**

8) प्रत्येक कथन के अंतर्गत दिए गए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर के सामने (√) का निशान लगाइएः

**(½ x 5 = 2½)**

क) हृदय रोगी की देखभाल में निम्नलिखित में से एक के सिवाय सभी सम्मिलित है :

(i) फाउलर स्थिति प्रदान करना
(ii) रोगी की दशा में होने वाले परिवर्तनों की रिपोर्ट देना
(iii) कम नमक वाला भोजन प्रदान करना
(iv) रोगी को अपनी मर्जी से दवा लेने की अनुमति देना

ख) दमे के रोगी में श्वास मार्ग के संकुचित होने के कारण, निम्नलिखित में से एक के अलावा सभी हैंः

(i) एलर्जी
(ii) संवेगात्मक परिवर्तन या तनाव
(iii) कुपोषण
(iv) पारिवारिक इतिहास

ग) कंठ केंसर (cancer larynx) वाले रोगी की देखभाल का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण बिंदु है:

(i) संप्रेषण के वैकल्पिक तरीकों का चयन
(ii) एक ही समय में रोगी को ढेर सारे तरल पदार्थ देना
(iii) गहरे श्वास संबंधी व्यायामों के लिए प्रेरित करना
(iv) परिवार सदस्यों के साथ भोजन करना

घ) पुराने लंबे रेनल (किडनी) रोग में किडनी के यकायक ठप्प पड़ जाने के एक को छोड़कर बाकी सभी महत्वपूर्ण लक्षण एवं संकेत हैं:

(i) शरीर में पानी भर जाना
(ii) टाँगों एवं चेहरे पर सूजन
(iii) घाव का न भरना
(iv) सारे शरीर पर खुजान

ङ) नींद न आना (insomnia)का अर्थ है:

(i) रात के समय नींद न आना
(ii) रात के दौरान अधिक नींद आना
(iii) दिन के समय नींद न आना
(iv) दिन के समय अधिक नींद आना

**9)** कालम 'क' में दिए गए मदों का मिलान कालम 'ख' में दिए गए शब्दों से कीजिए:

**(½ x 5 = 2½)**

| **कॉलम क** | **कॉलम ख** |
|---|---|
| क) शरीर लघुत्तम इकाइयों से बनता है | i) तंत्रिका तंत्र |
| ख) समान उत्तकों का समूह | ii) जठर |
| ग) शरीर की दीर्घस्थ ग्रंथि | iii) कोशिका |
| घ) पूरे शरीर में रक्त का संचार करने वाला पंपिंग अंग | iv) अंग |
| ङ) मस्तिष्क, रीढ़ की हडड्ी, विशेष ज्ञानेंद्रियां | v) लीवर |
| | vi) हृदय |
| | vii) सिस्टम |
| | viii) उत्तक |

**10)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: **(½ x 5 = 2½)**

क) हडड्ी की निरंतरता में कोई भी तोड़ या दरार ________________ कहलाता है।
ख) त्वचा की सिर्फ परत को ही प्रभावित करने वाले बर्न____________ बर्न कहलाते है।
ग) बिजली का झटका लगने पर, लाइट को तुरंत __________________ कर दें।
घ) किडनी के ठप्प पड़ जाने के मामले में ____________रहित आहार दिया जाना चाहिए।
ङ) छाती में यकायक चुभन पैदा करने वाला दर्द जो आराम करने पर भी नही हटता ______________________का लक्षण है।

11) सही कथन के  सामने (√) और गलत कथन के सामने (X) का निशान लगाए।

**(½ x 5 = 2½)**

क) रक्त में शर्करा का सामान्य स्तर में नीचे होने का मस्तिष्क पर तत्काल एवं बेहद हानिकारक प्रभाव पड़ता है ( )

ख) बेहोशी का अर्थ व्यक्ति का लंबे समय तक होश में न आना होता है ( )

ग) शरीर की कंकालीय रचना में 206 हड्डियाँ सम्मिलित हैं ( )

घ) कुत्ते के काटने से रेबीज नामक रोग हो जाता हैं जो श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। ( )

ङ) मस्तिक की असामान्य हरकत से माँसपेशी का यकायक अनियंत्रित ढ़ंग से संकुचन दौरा (fits) कहलाता है ( )